बाढ़ के समय एवं बाद

आवश्यक कागजातों और बहुमूल्य वस्तुओं का ध्यान रखें :

- बाढ़ आने से पहले,बाढ़ के समय और बाढ़ के बाद अपने बहुमूल्य सामानों और कागजातों का ध्यान रखें और उन्हें सुरक्षित रखें ।
- समस्त जरूरी कागजातों को और रूपए, पैसे, गहनों को संभालकर सुरक्षित रखें ।
- बाढ़ से इनका बचाया जाना बहुत जरूरी है अन्यथा बाढ़ में नष्ट होने के बाद इन्हें या तो दुबारा प्राप्त किया नहीं जा सकता या प्राप्त करना आसान नहीं होता ।
- जरूरी कागजातों में –जमीन, जायदाद के कागज,बैंक/डॉकघर का पासबुक, वोटर कार्ड, राशन कार्ड, बी0पी0एल0 कार्ड, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण–पत्र, शैक्षणिक प्रमाण–पत्र,डाक्टरी जांच के पुर्जे आदि हो सकते है ।

खाने पीने के लिए भोजन का इंतजाम:

- बाढ़ के समय जीवन यापन में सबसे महत्वपूर्ण विषय है भोजन यानी कम–से–कम एक हफ्ते तक के लिए भोजन की सामग्री की व्यवस्था कर ली जानी चाहिए ।
- भोजन सामग्रियों में सामान्यतः सूखे सामान रखें, ताकि उनका इस्तेमाल बिना पकाए किया जा सके ।
- सूखी खाद्य सामग्रियों में सŸ|, चूड़ा, गुड़ नमक,चना आदि रखें ।
- साथ में कुछ जरूरी बरतन भी रखे जाने चाहिए ।
- खाद्य सामग्रियों को अलग–अलग प्लास्टिक की थैलियों में रखा जाना चाहिए, ताकि उन्हें नमी से बचाया जा सकें ।

अन्य आवश्यक सामानों की व्यवस्था :

- बाढ़ के समय बहुत से ऐसे सामानों की जरूरत होती है,जिनकी अग्रिम व्यवस्था बहुत जरूरी हैं ।
- प्लास्टिक शीट (तारपोलीन शीट) के साथ कुछ खूंटो और रस्सियों की व्यवस्था कर लेनी चाहिए, ताकि तंबू यानी टेंट (कैंप) बनाया जा सके ।
- पहनने के लिए कुछ कपड़े रख लेना चाहिए ।
- इसके साथ टार्च,नई बैटरी, लालटेन, किरासन तेल, मोमबती, माचिस छोटा गैस सिलेंडर के साथ चूल्हा, बाल्टी, मग और कुछ बहुपयोगी बरतन रख लेना

आस–पास की साफ–सफाई बहुत जरूरी :

- बाढ़ के बाद जहाँ–तहाँ जल जमाव, भरे हुए जानवरों और गंदगियों की ढेर जमा हो जाती है । अत्यंत बल्कि सर्वाधिक जोखिम का समय होता है। इस समय संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा रहता है।
- इससे बचने के लिए मरे हुए जानवरों को जहाँ छोड़े या फेंकें नहीं, बल्कि जमीन में गाड़ दें ।
- कूड़ों–कचरों को एक जगह इकट्ठा कर दें । उन्हें जमीन में गाड़ देना चाहिए या जला देना चाहिए ।
- लगभग 40 ग्राम यानी तीन बड़े चम्मच भर ब्लीचिंग पाउडर का एक लीटर पानी में घोल तैयार कर लें । इस घोल का गंदगी वाले स्थानों पर छिड़काव करें ।
- सूखा ब्लीचिंग पाउडर असरदार नहीं होता है । इसलिए सूखे पाउडर का छिड़काव नहीं करना चाहिए ।

बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण

Issued in public interest by Bihar State Disaster Management Authority (BSDMA) under GoI-UNDP Disaster Risk Reduction Programme, Bihar.

For details contact : 2nd Floor, Pant Bhawan, Baily Road, Patna, Bihar - 800001

Website : www.bsdma.org

Acknowledgement : Special thanks to Save the Children, Patna Branch, Bihar for providing the concept and illustrations used in the poster.

UNDP

Empowered lives.
Resilient nations.